卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 118 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦मंगलवार ♦3 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# रोडवेज बस खाई में गिरी, 4 यात्रियों की मौत

## ट्रक को पास देने के चक्कर में पुश्ता धंसने से हुआ हादसा, 30 से अधिक घायल, 12 की हालत नाजुक, सीएम ने जताया शोक





देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून जनपद अंतर्गत कालसी क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में 12 की हालत नाजुक बनी हुयी है। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमों ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमाचल रोडवेज के नेरवा डिपो की बस संख्या एचपी 66 ए 2588 मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे चौपाल से रवाना होकर नेरवा पहुंची थी। इसके बाद बस मीनस–क्वानू–हरिपुर रूट से होते हुए पांवटा साहिब की ओर जा रही थी। सुबह करीब दस बजे हरिपुर–कोटी–मीनस राजमार्ग पर सुदोई खड्ड के पास सामने से आ रहे एक ट्रक को पास देने के प्रयास में चालक ने बस को किनारे किया, तभी अचानक सड़क का पुश्ता धंस गया। पुश्ता धंसते ही बस अनियंत्रित होकर कई पलटे खाते हुए गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की जानकारी बस के परिचालक जगदीश चंद ने पुलिस को फोन के माध्यम से दी। बस को दिनेश शर्मा चला रहे थे। हादसे के वक्त बस में करीब 35 से अधिक यात्री सवार बताए जा रहे हैं। घटना के तुरंत बाद क्वानू और आसपास के तीन गांवों के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और अपनी जान जोखिम में डालकर घायलों को खाई से बाहर निकालने का कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी के आदेश पर डाकपत्थर, चकराता, मोरी और त्यूणी से एसडीआरएफ की टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। कालसी थाना प्रभारी दीपक धारीवाल के नेतृत्व में पुलिस बल ने घायलों को रेस्क्यू कर नजदीकी चिकित्सा केंद्रों में पहुंचाया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस भीषण दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि हादसे की सूचना मिलते ही देहरादून जिलाधिकारी से फोन पर बात कर राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट कर उच्च चिकित्सा संस्थानों में भर्ती कराया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से सभी के सकुशल होने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## दबंगों का तांडव, ताबड़तोड़ फायरिंग, युवक गंभीर

### ग्रीन पार्क से काम कर लौट रहे युवक को बनाया निशाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग पर सोमवार रात्रि दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रीन पार्क में काम कर बाइक से घर वापस लौट रहे तीन दोस्तों पर पहले से घात लगाकर बैठे हथियारबंद दबंगों ने पीछे से टक्कर मारी और फिर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग झोंक दी। इस जानलेवा हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार ग्राम डिबडिबा निवासी विक्की सोमवार की रात अपने दो दोस्तों के साथ ग्रीन पार्क में अपना काम निपटाकर बाइक से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक राइस मिल के पास पहुंची, वहां पहले से घात लगाकर बैठे कुछ दबंग युवकों ने अपनी बाइक से विक्की की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर गिरने के बाद हमलावरों ने लाठी–डंडों से तीनों पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शी दोस्तों का आरोप है कि हमलावरों का मुख्य निशाना विक्की ही था। लगभग आधा दर्जन हथियारबंद युवकों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। गोलियों की आवाज और शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही विक्की के परिजन मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में उसे चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति चिंताजनक बताई है। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमलावरों ने पूर्व में भी विक्की पर हमला किया था। उस समय भी मुख्यमंत्री पोर्टल, बिलासपुर थाना और रुद्रबिलास चौकी में लिखित (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवती की हत्या के मामले में चौकी प्रभारी निलंबित

### चौकी स्तर पर बरती गई ढिलाई पर एसएसपी अजय सिंह ने की कार्रवाई

देहरादून। कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत हुई युवती की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। प्रथमदृष्टया चौकी स्तर पर घोर लापरवाही पाए जाने पर एसएसपी अजय सिंह ने खुड़बुड़ा चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। प्रकरण के अनुसार, कल कोतवाली नगर क्षेत्र में एक युवती की गला काटकर हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने स्वयं संज्ञान लिया और घटनाक्रम की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सामने आया कि इस पूरे प्रकरण में चौकी स्तर पर अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई गई और लापरवाही बरती गई। एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सबसे पहले चौकी प्रभारी खुड़बुड़ा को लाइन हाजिर किया और पूरे मामले की विस्तृत प्राथमिक जांच क्षेत्राधिकारी नगर को सौंप दी। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा मामले की गहनता से जांच करने के बाद एसएसपी को अपनी रिपोर्ट सौंपी गई। इस जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि खुड़बुड़ा चौकी प्रभारी ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ढिलाई बरती और प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया। रिपोर्ट में लापरवाही की पुष्टि होने के बाद एसएसपी अजय सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए उपनिरीक्षक प्रद्युमन नेगी, चौकी प्रभारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## पूर्व विधायक ठुकराल के घर पहुंचे यशपाल आर्य



रुद्रपुर। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मंगलवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के वैशाली कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर उनकी माता दर्शना ठुकराल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए परिवार का ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की माता दर्शना ठुकराल का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया था, जिसके चलते उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। कई दिनों तक अस्पताल में उपचाराधीन रहने के बाद अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। मंगलवार को यशपाल आर्य ने ठुकराल के आवास पर जाकर उनकी माता के स्वास्थ्य का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह लाडी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और संजय ठुकराल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान



रूद्रपुर। अज्ञात कारणों के चलते आज मध्य रात्रि निकटवर्ती ग्राम महतोष मोड़ में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम महतोष मोड़ निवासी 30 वर्षीय सुशील दास पुत्र सुरेश दास जो आटों चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था ने अज्ञात कारणों के चलते मध्य रात्रि घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो उन्होंने चीख पुकार की। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग आ पहुंचे। इसी दौरान मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी से उतार कर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। अपने पीछे वह पत्नी व दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें:- 8433432291

## तेज रफ्तार बाइक ने महिला श्रमिक को रौंदा,हालत गंभीर



किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा–रुद्रपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क पर काम कर रही महिला मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई हैं। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग पर गल्फार कंपनी का निर्माण कार्य चल रहा है। मंगलवार को कंपनी की महिला मजदूर (शेष पृष्ठ सात पर)

## मेरे खिलाफ रची गई थी झूठी साजिश:शुक्ला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान कुछ विरोधियों ने साजिश रचकर उन पर 30 लाख रूपये लेने का जो आरोप लगाया था उसकी वास्तविकता सामने आ गई है। जिस महिला ने दबाव में आकर उन पर आरोप लगाया था उसने किच्छा कोतवाली में शपथ पत्र देकर अपनी गलती स्वीकार करते हुए मामले को समाप्त करने का आग्रह किया है। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने महिला के कोतवाली में दिये पत्र का हवाला देते हुए कहा कि बताया कि ग्राम सैजना पोस्ट दरऊ किच्छा निवासी रूचि पाल पत्नी मानवीर पाल ने पत्र में कहा है कि वह 14.6.2025 को सम्पन्न हुए ग्राम पंचायत चुनाव में क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित हुई। उसने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पर 30 लाख रूपये लेने का आरोप लगाया था। जो गलत था। शुक्ला ने बताया कि रूचि पाल ने पत्र में स्पष्ट कहा है कि राजनैतिक लोगों के दबाव पैसे के प्रलोभन में उससे कहा गया कि शुक्ला के जन्म दिन के ठीक पहले एक राजनैतिक धमाका करके उन्हें बदनाम करना है। ब्लाक प्रमुख चुनाव की हार का बदला लेना है। मीडिया में प्रेस के माध्यम से बयान जारी करने के बाद तुम्हें रूपया दिया जायेगा। रूचि का यह भी कहना है कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क जाम करने पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज

सितारगंज। आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी जिला अध्यक्ष पर मुख्य चौराहे की सड़क को साथियों के संग बैठकर यातायात को अवरोध करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्बा इंचार्ज ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उप निरीक्षक ललित चौधरी ने दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि 2 फरवरी को वह चेकिंग अभियान में व्यस्त थे। दोपहर करीब 12:00 बजे शहर के पीपल चौराहे पर पहुंचे तब सत्येंद्र कुमार जो की भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष हैं 15 साथियों के साथ सड़क के मध्य में बैठकर नारेबाजी कर रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

# चापड़ से करता रहा वार, तमाशबीन बने रहे लोग

## जब गुंजन को आकाश के शादीशुदा होने की जानकारी मिली तो शुरू हुआ था विवाद,पुलिस से शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्यवाही

देहरादून। दिनदहाड़े जब सरेबाजार कई आंखों के सामने गुंजन की हत्या की गई तो किसी ने भी आगे आकर उसे बचाने की जहमत नहीं उठाई। अपनी जान बचाने के लिए गुंजन की चीखें करीब 10 मिनट तक गली में गूंजती रहीं। लोग अपनी छतों से भी देखते रहे। चश्मदीदों के मुताबिक आरोपी अपने स्कूटर से आया था। वह अकेला था। पहले उसने गुंजन से कुछ बात की। इसके थोड़ी देर बाद ही उसने चापड़ से हमला कर दिया। इसके बाद लोगों के बीच से चापड़ लहराते हुए भाग गया। गली में दूर-दूर तक पड़े खून के छींटे हत्या की निर्ममता को बयां कर रहे थे। गली के दोनों ओर दीवारों पर भी खून की छींटे पड़े हुए थे। देहरादून के दूल्हा बाजार में गुंजन की निर्मम हत्या से पूरा क्षेत्र दहल गया। लोग हत्या का मंजर देखकर डरे हुए और गुस्से में हैं। स्थानीय लोगों ने बातचीत में बताया कि वर्षों पहले क्षेत्र में इस तरह की एक हत्या हुई थी। इसके बाद अब इस हत्याकांड ने लोगों को हैरत में डाल दिया। दरअसल, सोमवार को एकतरफा प्रेम में शादीशुदा युवक ने चापड़ से ताबड़तोड़ हमला कर युवती की हत्या कर दी। शहर के पलटन बाजार में दिनदहाड़े हुई खौफनाक वारदात से सनसनी फैल गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक चापड़ लहराते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एक घंटे बाद ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चापड़ भी बरामद कर लिया। घटनाक्रम के अनुसार, गोविंदगढ़ निवासी गुंजन (23) पलटन बाजार में एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी। बाजार में ही एक अन्य दुकान पर मन्नूगंज खुड़बुड़ा मोहल्ला निवासी आरोपी युवक आकाश कुमार भी कार्य करता था। दोनों एक दूसरे को पिछले तीन साल से जानते थे। इस कारण अच्छी दोस्ती थी। बताया जा रहा है कि जब गुंजन को युवक के शादीशुदा होने की जानकारी मिली तो वह किनारा करने लगी। आरोप है कि इसके बावजूद आरोपी युवक पीछा छोड़ने को तैयार नहीं था। इस कारण पहले भी दोनों के बीच विवाद हो चुका था। इस पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद गुंजन के परिजनों ने 31 जनवरी को आरोपी के खिलाफ खुड़बुड़ा चौकी में शिकायत दी थी लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करना तो दूर आरोपी से पूछताछ करना भी मुनासिफ नहीं समझा। इसके दो दिन बाद ही आरोपी युवक ने सरेआम युवती का कत्ल कर दिया। चश्मदीदों के मुताबिक, सुबह करीब 10 बजे रोजाना की तरह गुंजन पलटन बाजार स्थित कपड़े की दुकान पर कार्य करने के लिए पहुंची थी। बाजार की गली में अपने परिचित के यहां स्कूटी खड़ी करने गई थी, तभी आरोपी स्कूटर से आ धमका और बात करने लगा। विरोध करने पर स्कूटर से चापड़ निकालकर गर्दन पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी ने युवती को पकड़कर दीवार की ओर धकेला। फिर गर्दन पर एक के बाद एक कई वार किए। इस दौरान बचाव के प्रयास में युवती की अंगुलियां कट गईं। साथ ही चेहरा भी बुरी तरह जख्मी हो गया। खून से लथपथ युवती वहीं गिर पड़ी। इससे पहले कि लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया जाता, उसने दम तोड़ दिया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि युवती के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसने पूछताछ में गुनाह कबूल किया है। घटना स्थल से फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित कर जांच के लिए भेजे हैं।



## गुंजन को लगातार परेशान कर रहा था आकाश काम पर जाते समय पीछा भी करता था

देहरादून। गुंजन की जान को खतरा बताते हुए परिजनों ने खुड़बुड़ा चौकी में महज तीन दिन पहले ही शिकायत दी थी लेकिन पुलिस ने इस गंभीरता से नहीं लिया। कार्रवाई में कोताही बरतने पर खुड़बुड़ा चौकी इंचार्ज प्रद्युम्न नेगी को सस्पेंड किया गया है। परिजनों की ओर से कई बार पुलिस से शिकायत की गई थी। तीन दिन पहले भी गुंजन की जान को खतरा बताते हुए शिकायत दी पर इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि, एसएसपी अजय सिंह की ओर से चौकी इंचार्ज प्रद्युम्न नेगी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया गया है। परिजनों के मुताबिक करीब आठ महीने पहले भी आकाश और गुंजन बीच विवाद हुआ था। तब पुलिस ने दोनों को समझाकर मामले को शांत कर दिया था। विवाद की कहानी बार-बार पुलिस के द्वार पहुंची लेकिन इंसाफ परवान नहीं चढ़ पाया। अब ये कहानी मौत पर आकर खत्म हो गई। परिजनों के अनुसार आरोपी शादीशुदा था और गुंजन को लगातार परेशान कर रहा था। काम पर जाते समय पीछा भी करता था। इसकी कई बार पुलिस में भी शिकायत की गई लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। तीन दिन पहले जब आरोपी ने एक अन्य व्यक्ति से कहा कि वह गुंजन को जान से मार देगा। इसके बाद उनकी ओर से फिर से खुड़बुड़ा चौकी में शिकायत की गई। इन तीन दिनों में पुलिस आरोपी से फोन पर बात तक नहीं कर पाई।



# 143 के मामलों के लिए 45 दिन का समय तय, विशेष अभियान चलाने के दिए निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को धारा 34 एवं 143 के वादों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। उन्होंने नैनीताल जिलाधिकारी की कार्यशैली की तर्ज पर निर्विवाद मामलों के लिए कैंप आयोजित कर त्वरित निस्तारण की व्यवस्था को प्रत्येक जनपद में लागू करने पर जोर दिया।मुख्य सचिव ने धारा 143 के मामलों को छह माह या उससे अधिक समय तक लंबित रखे जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन वादों के निस्तारण के लिए अब अधिकतम 45 दिन का समय निर्धारित किया जाए। मंडल स्तर पर मंडलायुक्तों और जनपद स्तर पर जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने न्यायालयों में सबसे पुराने पांच मामलों को चिह्नित कर उनके निस्तारण पर ध्यान केंद्रित करें। प्रत्येक माह इन मामलों की समीक्षा बैठक होगी और पुराने मामलों के निपटारे के बाद उनकी जगह अन्य पुराने प्रकरणों को शामिल किया जाएगा। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित कुल 1760 मामलों में से कम से कम 10 प्रतिशत का निस्तारण मार्च 2026 तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देने और उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में इसे दर्ज करने की बात भी कही गई। जन-जन की सरकार कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए मुख्य सचिव ने इसे शहरी क्षेत्रों में भी तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरों में कैंप आयोजित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए और कैंप से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। साथ ही मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और एसडीएम को अपनी तहसीलों, विकासखंडों और थानों का अनिवार्य निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।राजस्व विभाग के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश में मॉडर्न पटवारी चौकियों के निर्माण और पटवारी-कानूनगो को शीघ्र लैपटॉप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि ऑनलाइन विभागीय कार्यों में तेजी आए। उन्होंने प्रदेशभर में आधुनिक रिकॉर्ड रूम तैयार करने और आवश्यकतानुसार नए वित्तीय वर्ष में बजट का प्रावधान करने को कहा। विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अधियाचन शीघ्र भेजने और समय पर पदोन्नति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पीएम किसान योजना के तहत किसानों के पंजीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव एस.एन. पाण्डेय, राजस्व परिषद आयुक्त रंजना राजगुरु, मंडलायुक्त दीपक रावत, विनय शंकर पाण्डेय सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।



# खेल मंत्री से मिला वोविनाम एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

देहरादून/रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने सोमवार को देहरादून में प्रदेश की खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल से मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में वोविनाम मार्शल आर्ट के भविष्य और खिलाड़ियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा हुई।एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि पाल भारती ने बताया कि बैठक में वोविनाम खेल को आगामी 'खेल महाकुंभ' सहित अन्य प्रमुख राज्य स्तरीय आयोजनों में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वोविनाम 'एशिया ओलंपिक परिषद' द्वारा मान्यता प्राप्त खेल है, जिससे उत्तराखंड के खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के द्वार खुल सकते हैं। खेल मंत्री रेखा आर्य ने एसोसिएशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार वोविनाम सहित सभी उभरते खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ष्हम वोविनाम एथलीटों की क्षमता को पहचानते हैं और इसे राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में एकीकृत करने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।ष संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल ने भी युवा कल्याण विभाग की ओर से तकनीकी और ढांचागत सहायता देने का वादा किया।एसोसिएशन के महासचिव विनोद लखेरा ने खेल की जानकारी देते हुए बताया कि वोविनाम एक वियतनामी मार्शल आर्ट है, जो शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक अनुशासन और आत्मरक्षा के लिए भी अत्यंत प्रभावी है। बैठक में कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत और अमित चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने पुलिस और गृह विभाग से जुड़े विवादों के निपटारे के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में गृह विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने महत्वपूर्ण मामलों की जनपद और पुलिस मुख्यालय स्तर पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने प्रदेश में अभियोजन और फॉरेंसिक जांच प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया ताकि जांच की प्रगति और मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से हो सके। उन्होंने ई-समन व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता जताई। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन 1905 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की जिलाधिकारी और एसएसपी स्तर पर नियमित समीक्षा करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने पुलिस और गृह विभाग से जुड़े विवादों के निपटारे के लिए थाना और तहसील दिवसों के आयोजन पर जोर देते हुए इसके लिए तत्काल मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सचिव गृह, सचिव राजस्व, मंडलायुक्त और पुलिस विभाग मिलकर इस एसओपी को तैयार करें और हर माह कम से कम दो से तीन निस्तारण शिविर आयोजित किए जाएं।थानों में लंबे समय से खड़े जब्त वाहनों के मुद्दे पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इनकी नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाकर थानों को खाली कराया जाए। न्यायालयों में लंबित मामलों से संबंधित वाहनों के निस्तारण के लिए अन्य विकल्पों को भी तलाशने की बात कही गई। पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे प्रकरणों में तत्काल और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव ने तंत्र को मजबूत करने और व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए।नशा मुक्ति के अभियान को लेकर मुख्य सचिव ने एनकॉर्ड की मासिक बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करने और वन स्टॉप सेंटर्स को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मानस नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। बच्चों को नशे से बचाने के लिए शिक्षक और अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों में उपचार नियमों (ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल) के पालन की सख्त निगरानी की जाए और बड़े सरकारी अस्पतालों में नशा मुक्ति के लिए बेड आरक्षित करने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाए। बैठक में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल फैनाई, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली सहित सभी जिलों के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



# सिरौली के निवर्तमान सभासद अफसार कुरैशी पर मुकदमा दर्ज

## मेडिकल संचालक से मारपीट व धमकी देने का आरोप

किच्छा। थाना पुलभट्टा क्षेत्र में एक मेडिकल संचालक ने पड़ोसी युवक निवर्तमान सभासद पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 19 सिरौली कलां निवासी अनीस अहमद पुत्र नूर हसन इंद्रानगर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। अनीस अहमद का आरोप है कि उनके पड़ोस में रहने वाले निवर्तमान सभासद अफसार कुरैशी पुत्र मोहम्मद अहमद आये दिन उन्हें बेवजह परेशान करता है, गालियां देता है तथा रास्ते में रोककर धमकियां देता रहता है। उन्होंने बताया कि आरोपी उनसे बिना किसी कारण रंजिश रखता है, जिससे वह काफी समय से मानसिक तनाव में हैं। पीड़ित के अनुसार 2 फरवरी 2026 को वह अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी अफसार कुरैशी उनकी दुकान पर आ धमका और गाली-गलौज करने लगा। जब अनीस ने उसे ऐसा करने से मना किया और दुकान से जाने को कहा तो आरोपी आगबबूला हो गया तथा दुकान में आग लगाने और जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि इसके बाद उसने अनीस के साथ मारपीट कर दी, जिससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और वह कुछ समय के लिए बेहोश हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। जाते समय भी आरोपी कथित रूप से जान से मारने और दुकान जलाने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### कुरैशी ने आरोपों को बताया निराधार

किच्छा। निवर्तमान सभासद अफसार कुरैशी ने पुलभट्टा थाने पर उनके खिलाफ मारपीट जान से मारने की धमकी के संबंध में दर्ज कराई शिकायत को लेकर शिकायतकर्ता पर आरोप लगाते हुए कहा है कि शिकायतकर्ता क्षेत्र में मेडिकल स्टोर चलता है तथा नशे के कारोबार में लिप्त है जिसका कि उनके द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है जिसको लेकर के मेडिकल संचालक उनसे बैर रखता है उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र में नशा का सामान नहीं बिकने देंगे चाहे उनके खिलाफ कितने ही मुकदमे दर्ज हो जाए उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोपी को निराधार बताया है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभासदों पर लगाया विकास कार्य अवरूद्ध करने का लगाया आरोप

दिनेशपुर। नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि कावल सिंह ने नगर के विकास कार्यों में कुछ सभासदों द्वारा विरोध किए जाने का आरोप लगाया है। सैकड़ों वार्डवासियों के साथ मीडिया के सामने रूबरू होते हुए सिंह ने कहा कि नगर की जनता के हित में किए जा रहे विकास कार्यों को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बताया कि नगर पंचायत द्वारा सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसे बुनियादी विकास कार्यों को प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। इन कार्यों से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है, लेकिन कुछ सभासद निजी स्वार्थ के चलते इन योजनाओं का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों को लेकर जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है।इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद वार्डवासियों ने भी अध्यक्ष का समर्थन किया। लोगों ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हो रहा है और नगर की तस्वीर बदल रही है। वार्डवासियों ने विरोध करने वाले सभासदों के रवैये को जनविरोधी बताया।नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि वे किसी भी दबाव में आए बिना विकास कार्य जारी रखेंगे। जनता ने उन्हें जिस उद्देश्य से चुना है, उसे पूरा करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास में बाधा डालने वालों को जनता स्वयं जवाब देगी।अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से भी आग्रह किया कि विकास कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने वालों पर नजर रखी जाए, ताकि नगर की प्रगति निर्बाध रूप से जारी रह सके। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग से नगर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मुहम्मद पूर्व सैनिक लीग जिला संयोजक खड़क सिंह कार्की ,सभासद सविता बैरागी, सभासद संजय सरकार, पूर्व सभासद सुकुमार सरकार, पूर्व सभासद व्यूटी शील, पूर्व सभासद सुनीता मिस्त्री, पूर्व सभासद शीखा ढाली, हरिचरण सिंह, असीत मंडल आदि मौजूद रहे।



# दो माह का वेतन न मिलने से एनएचएम कर्मियों में उबाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एन एच एम कर्मियों को पिछले दो माह का वेतन न मिलने से उनमें भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर उनसे वेतन दिलाने के लिए अपने स्तर से समाधान कराने का आग्रह किया। उनका कहना है कि एन0एच0एम0 के अर्न्तगत आउटसोर्स एजेन्सी (मैसर्स विजीलैन्ट प्राइवेट लिमिटेड) के माध्यम से जनपद में लगभग 182 कार्मिक कार्यरत है। जिनका विगत दो माह से वेतन आहरित नहीं हुआ हैं। जिससे कार्मिकों पर आर्थिक तंगी के दौर से गुजरना पड़ रहा है एवं परिवार के भरण पोषण, स्कूल फीस, घर के दैनिक व्यय हेतु लगातार उधार लेकर कर्ज पर घर चलाने हेतु विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया अब तो स्थिति यह है, कि दूध वाले ने भी उधार दूध देना बंद कर दिया है, महंगाई के इस दौर में जीवन निर्वहन करना अब अत्यन्त कठिन हो गया हैं।वर्ष भर आउटसोर्सिंग कम्पनी की मनमानी के कारण कार्मिकों पर आर्थिक तंगी की स्थिति से गुजरना पड़ रहा हैं, क्योंकि कम्पनी द्वारा कभी भी समय पर वेतन आहरित नहीं किया गया, कार्मिकों का पी0एफ0, ई0एस0आई0 का शुल्क विगत 10 माह से जमा नहीं किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र भेजने के बाद भी वेतन की समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं। शीघ्र कार्मिकों की समस्या का समाधान न होने के स्थिति में कार्मिक परिवार सहित हड़ताल/धरना प्रर्दशन करने हेतु विवश होगें। अतः कार्मिकों के परिवार की आर्थिक स्थिति ध्यान में रखते हुए निवेदन है कि दो दिवस के भीतर का वेतन आहरित करने की कृपा करें। जिससे कार्मिक पूर्ण मनोयोग से अपने कार्यस्थल पर कार्य कर सके एवं किसी भी विपरीत निर्णय लेने हेतु विवान होना पड़े। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में अमीर खान, दिनेश जोशी, नवल किशोर, सीमा, रामस्वरूप शर्मा, शिवम् कक्कड़, प्रदीप प्रजापति, निधि शर्मा, राहुल आर्य आदि शामिल थे।

# 11 हजार वोल्ट की जर्जर केबल से हादसे की आशंका

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के वार्ड संख्या 11 में 11 हजार वोल्ट की उच्च क्षमता वाली विद्युत केबल की स्थिति अत्यंत जर्जर होने से क्षेत्र में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) गदरपुर उपखंड कार्यालय ने अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर केबल को शीघ्र बदलने की मांग की है। विभागीय पत्र के अनुसार वर्ष 2016 में स्थापित की गई यह हाई वोल्टेज केबल वर्तमान में कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। केबल को सहारा देने वाले लगभग 10 फीट ऊंचे पोल भी बेहद खराब स्थिति में पहुंच चुके हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। जर्जर लाइनों के कारण क्षेत्र में बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में 04 अप्रैल 2025 को भी इस संबंध में प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। विभागीय अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस जर्जर केबल को नहीं बदला गया, तो किसी भी समय कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। उपखंड कार्यालय ने जनहित और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मांग की है कि इस जर्जर लाइन को तत्काल हटाकर नई केबल स्थापित की जाए, ताकि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सके और संभावित खतरे को टाला जा सके।

ज्ञान विहार कॉलोनी में संबंधित उपभोक्ताओं के साथ 11000 वोल्ट की विद्युत की लाइनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाइनों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के भीतर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तारों को बदल दिया जाएगा। विभागीय आश्वासन के बाद सभी उपभोक्ताओं ने संतोष व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग का आभार प्रकट किया।

**-प्रकाश शाह,एसडीओ**

# भारत सेवा टीम ने किया सराहनीय कार्य

## एंबुलेस से शव उतार घायल को पहुंचाया अस्पताल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था भारत सेवा टीम ने सोमवार को एक सराहनीय कार्य करते हुए एंबुलेस में रखे शव को वाहन से उतारकर सड़क पर सड़क दुर्घटना में पड़े गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया और बाद में शव का दाह संस्कार किया। वहीं सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस चौकी टीम ने दुर्घटना के आरोपी डंपर चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि जिस शव को लेकर एंबुलेंस जा रही थी वह दो दिन पहले काशीपुर हाईवे पर वाहनों से रौंदे गए युवक का ही था। टीम ने शव का दाह संस्कार चित्रशिला घाट रानीबाग ले जाकर किया है। भारत सेवा टीम के ललित बिष्ट ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब आठ बजे घायल 22 वर्षीय राजू निवासी ग्राम कुंदरकी मुरादाबाद सड़क किनारे तड़प रहा था। उसके हाथ बुरी तरह कुचले हुए थे।इस दौरान भारत सेवा टीम एंबुलेंस में शव लेकर चित्रशिला घाट रानीबाग जा रही थी। सड़क पर युवक को तड़पता हुआ देख टीम ने तय किया कि शव का दाह संस्कार बाद में करेंगे पहले घायल को अस्पताल ले जाएंगे। जिसके पश्चात शव को एम्बुलेंस से उतारकर टीम का एक सदस्य शव की निगरानी करता रहा। बाकी सदस्य घायल को सड़क से उठाकर एंबुलेंस में लाए और उसे उपचार के लिए रुद्रपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत में अब सुधार है। जिसको छोड़ने के बाद टीम ने शव का चित्रशिला घाट रानीबाग में दाह संस्कार किया। भारत सेवा टीम में अध्यक्ष मनीष कुमार, सचिव प्रवेश कुमार भी शामिल थे। सभी लोगों ने भारत सेवा टीम के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया है।

# कायाकल्प टीम ने किया जिला चिकित्सालय का मूल्यांकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ जिला चिकित्सालय से आई एक टीम ने आज जिला चिकित्सालय में अनेक विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और मूल्यांकन किया। टीम के आने की पूर्व सूचना मिलने पर जिला चिकित्सालय में सभी व्यवस्थायें पहले से ही दुरूस्त कर ली गई थीं। पिथौरागढ जिला चिकित्सालय के प्रबंधक डा. चन्दन सिंह व डा. अमन आलम ने स्थानीय जिला चिकित्सालय की मेटर्न जामंती राय के साथ यहां अनेक चिकित्सा विभागों में साफ सफाई, उपचार एवं जांच अभिलेखों, मरीजों को दिया जा रहा उपचार, उनके साथ व्यवहार, दवा वितरण, चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं आदि का मूल्यांकन किया। टीम ने बताया कि मूल्यांकन के द्वारा ही चिकित्सालय की रेटिंग की जायेगी और रिपार्ट विभागीय उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जायेगी। जिसके बाद प्रदेश में जिस चिकित्सालय में बेहतर मूल्यांकन पाया गया उसे पुरस्कृत किया जायेगा। गौरतलब हो कि स्थानीय जिला चिकित्सालय को पूर्व में भी कायाकल्प मूल्यांकन में लाखों रूपये की धनराशि से पुरस्कृत किया जा चुका है।



# बजट सर्वस्पर्शी और जनकल्याणकारी : पांडे

## गदरपुर में कार्यकर्ताओं ने लाइव देखा केंद्रीय बजट का प्रसारण

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर विधानसभा के तीनों मंडलों गदरपुर, दिनेशपुर और केलाखेड़ा का संयुक्त कार्यक्रम सोमवार को विधायक अरविंद पांडे के कैंप कार्यालय पर आयोजित किया गया। 'बजट पर चर्चा' कार्यक्रम के तहत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को समर्पित केंद्रीय बजट 2026-27 का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से देखा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।सीधा प्रसारण देखने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक अरविंद पांडे ने बजट को दूरगामी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में उत्तराखंड के लिए अधिक धनराशि की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रदेश के विकास कार्यो को नई गति मिलेगी। उन्होंने बजट को सर्वस्पर्शी और जनकल्याणकारी बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मोर्चा की कुमाऊं संयोजक अंजू भुड्डी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेश हुडिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह, दिनेशपुर मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, केलाखेड़ा मंडल अध्यक्ष शशि प्रीत सिंह सहित लगभग 300 से अधिक कार्यकर्ताओं ने बजट सत्र को लाइव देखा। वक्ताओं ने कहा कि यह बजट देश की आर्थिक विकास दर को बढ़ाने और आम जनमानस को राहत देने वाला है।





# सार्वजनिक स्थानों पर की छापेमारी

लालकुंआ (उद संवाददाता)। सोमवार शाम को पुलिस ने होटलों, ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर नशे के खिलाफ अभियान चलाकर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले तत्वों को आड़े हाथों लिया। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से होटल संचालकों और शराबियों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।अभियान के दौरान बिन्दुखत्ता स्थित काररोड, वीआईपी गेट, ट्रांसपोर्ट नगर और हल्दूचौड़ जैसे संवेदनशील इलाकों में सघन छापेमारी की गई। कोतवाल बृजमोहन राणा के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर नशा कर हंगामा कर रहे 10 लोगों को हिरासत में गया। जिनके खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए करीब 3 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने होटल, ढाबा व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी कि नगर की शांति और सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में किसी भी होटल या ढाबे में शराब पिलाते हुए पकड़ा गया, तो संबंधित संचालक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। छापेमारी दल में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक बिष्ट, कांस्टेबल चन्द्रशेखर मल्होत्रा, आनन्दपुरी और कमल बिष्ट समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



# पुलिस सुधारे अपना वर्क कल्चर : सीएम

## मुख्य सचिव सहित सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और शासन के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और जनसेवा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। की समीक्षा करते हुए राज्य की कानून व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सुरक्षा, पर्यटन प्रबंधन, राजस्व, नशा मुक्ति, अभियोजन, कारागार सुधार एवं जनशिकायत निवारण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया।बैठक में स्पष्ट किया कि कैंची धाम बाईपास जून माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। पुलिस व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि थानों और चौकियों के वर्क कल्चर में तत्काल सुधार किया भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। राजस्व व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने वैकल्पिक स्रोत बढ़ाने और सब्सिडी योजनाओं के परिणामों का मूल्यांकन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री घोषणाओं का जिलों में नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद से इसकी मासिक रिपोर्ट सीधे शासन को भेजी जाए, जिसकी समीक्षा गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक करेंगे। अभियोजन पक्ष की एसडीएम, लेखपाल और पटवारी की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों और अतिक्रमण को संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों





उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस और प्रशासन का प्रत्येक विभाग आम जनमानस के प्रति संवेदनशील, उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ कार्य करे। सोमवार को सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अखिल भारतीय डीजी-आईजी सम्मेलन से प्राप्त निष्कर्षों मुख्यमंत्री ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के खुलने के बाद राज्य में पर्यटकों की संभावित भारी वृद्धि को देखते हुए सरकार को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए होटल, आवास, पार्किंग, ट्रैफिक प्लान और सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं। उन्होंने जाए। आम आदमी के साथ मानवीयता और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। निर्दोष नागरिकों को अनावश्यक परेशान करने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी।भूमि धोखाधड़ी के मामलों पर मुख्यमंत्री ने कठोर कानून बनाने के निर्देश दिए और कहा कि ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों को किसी शत-प्रतिशत क्रियान्वयन अनिवार्य है और योजनाएं केवल फाइलों में नहीं बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए। उन्होंने 1905 हेल्पलाइन पर जीरो पेंडेंसी का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया।अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को रात्रि गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मजबूती पर जोर देते हुए उन्होंने अधिकारियों का परफॉर्मेंस ऑडिट कराने की बात कही। इसके अलावा कारागारों में बंदियों के लिए कौशल विकास और पुनर्वास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को सरकारी भूमि और नदी-नालों पर हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ के लिए संयुक्त समीक्षा बैठकें आयोजित करने और लोक निर्माण विभाग को 15 फरवरी तक सड़कों के डामरीकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य सचिव सहित सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और शासन के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक सम्मानित

## अटल पेंशन योजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उत्तराखंड एवं जिला अग्रणी बैंक उधम सिंह नगर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अटल पेंशन योजना के अंतर्गत सामुदायिक संपर्क एवं समीक्षा बैठक का सफल आयोजन किया गया। रामपुर रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को पेंशन योजना से जोड़कर उनका भविष्य सुरक्षित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य भाषण पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की पूर्णकालिक सदस्य (अर्थशास्त्र) ममता शंकर ने दिया। इस दौरान पीएफआरडीए के महाप्रबंधक के. आर. दौलथ अली खान ने भी विशेष संबोधन के माध्यम से योजना की बारीकियों पर प्रकाश डाला। बैठक में अटल पेंशन योजना के नामांकन को बढ़ाने के लिए सुनियोजित नीति बनाने पर विमर्श किया गया और वंचित वर्ग को मुख्यधारा में शामिल करने की प्रक्रिया पर बल दिया गया। पीएफआरडीए के प्रबंधक निशांत आनंद ने वीडियो प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जन समुदाय को योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, नैनीताल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, आईडीबीआई बैंक तथा इंडियन ओवरसीज बैंक को पीएफआरडीए द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में




लगभग 100 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में जिला विकास अधिकारी उधम सिंह नगर सुशील मोहन डोभाल, डीजीएम (एसबीआई) राजीव रंजन, सहायक महाप्रबंधक (एसएलबीसी देहरादून) दीपक ममगाईं, उप क्षेत्रीय प्रबंधक (बैंक ऑफ बड़ौदा) संतोष कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अग्रणी जिला प्रबंधक ने सभी अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को मिला सिलाई और फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति द्वारा भूत बंगला वार्ड नंबर 20 में अल्पसंख्यक समुदाय की बेरोजगार महिलाओं के लिए आयोजित फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम के सहयोग से संचालित इस निशुल्क प्रशिक्षण में क्षेत्र की 30 से 40 महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें कार्यक्रम के अंत में प्रमाण पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्जन पुस्तकालय की संचालक उषा टम्टा, मेकओवर ब्यूटी पार्लर की डायरेक्टर आंचल खंडेलवाल और पूर्वांचल महासभा के सचिव उपेंद्र गिरी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया।



इस अवसर पर एडीआर सेंटर से पब्लिक लीगल वॉलंटियर कामिनी मिश्रा, वेभ लाइट अकादमी की उपाध्यक्ष सुनीता गौतम, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग की जिला अध्यक्ष बेला मंगल सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी की वार्ड अध्यक्ष सुमन सक्सेना ने भी विचार रखे।कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी के संगठन मंत्री गिरिजा देवी, पार्षद प्रतिनिधि आशु अहमद और मास्टर ट्रेनर सुनीता व शहनाज विशेष रूप से मौजूद रहे। संस्था के सचिव उमेश कुमार ने सभी महिलाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं में जरा, नजमी, सिफर, नेहा बी, ताहिरा, फातिमा, हिना, चांदनी, शहनाज भी, सनम, मुस्कान, गुलनाज, इलमा, रूम बी, इकरा, तबस्सुम, उजमा उस्मानी, आयशा, जेहरा बी, खुशनुमा, मंतशा, सुहाना, केसर बी, मैहर, इमराना, रजिया बी, बबली और कहकशा आदि शामिल रहीं।

# छात्राओं को बताए नशे के दुष्प्रभाव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज में नशा उन्मूलन व विद्यार्थियों में बढ़ती नशे की समस्या को लेकर एससीईआरटी और डायट द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में वहां मौजूद छात्राओं व शिक्षिकाओं को विस्तार से जानकारी देते हुए समाज को इसके लिए जागरूक करने की अपील की। सीइस मौके पर सीईओ कुंवर सिंह रावत, प्राचार्य डॉ. अजंता बिष्ट, गोपाल सिंह घुघत्याल, सुनील भट्ट, माया 'खगड़ियाल, डॉ. संजय रावत, डॉ. माधवी अवस्थी, अरुण शर्मा, डॉ. सिद्धांत माथुर, आलोक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# विधायक शिव ने बाल विवाह मुक्त रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा और मुख्य विकास अधिकारी देवेश शासनी ने सोमवार को विकास भवन परिसर से बाल विवाह मुक्त जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) द्वारा इस रथ का संचालन उधम सिंह नगर में 2 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक 'एक्सेस टू जस्टिस' कार्यक्रम के तहत 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस' के सहयोग से किया जा रहा है।इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने जनपद के 10 बाल विकास परियोजना अधिकारियों, 35 सुपरवाइजरों और 30 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उधम सिंह नगर को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। विधायक ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है जिसे समाज से पूरी तरह समाप्त करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव को मजबूत करने के लिए बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से खत्म करना आवश्यक है। यह जागरूकता वाहन विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में जन जागरण चलाएगा, जो समाज में बदलाव लाने में कारगर सिद्ध होगा। विधायक ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।मुख्य विकास अधिकारी देवेश शासनी ने बताया कि बाल विवाह एक अत्यंत संवेदनशील विषय है जिस पर जिला प्रोबेशन कार्यालय निरंतर कार्य कर रहा है। हेल्पलाइन नंबर 1098 पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। डॉ. अमित श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह जागरूकता रथ जनपद के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय, सरकारी अस्पतालों, तहसीलों और चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करेगा और उन्हें शपथ दिलाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने बाल विकास की टीम को सक्रिय सहयोग देने का संदेश दिया, जबकि जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने जनपद को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा नेगी, बीना भंडारी, रेनू यादव, परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी, संगीता, बिंद्रा तिवारी, शर्मिला, अजय और रवींद्र वर्मा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।





SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय

होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की धमक, 3-7 करोड़ के पार पहुंची बिक्री

## अब विदेशी बाजारों में उतरने की तैयारी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन और पहाड़ की महिलाओं की मेहनत का नतीजा अब धरातल पर दिखने लगा है। उत्तराखंड के विशुद्ध उत्पादों का ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' अपनी लॉचिंग के मात्र दो साल के भीतर साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहा है। दिसंबर 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देहरादून ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान लांच किए गए इस ब्रांड ने न केवल बाजार में अपनी पहचान बनाई है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती दी है। अब सरकार इन उत्पादों को सात समंदर पार विदेशी बाजारों में उतारने की तैयारी कर रही है। ग्राम्य विकास विभाग के अधीन संचालित हाउस ऑफ हिमालयाज राज्य के महिला स्वयं सहायता समूहों, किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और ग्रामीण उद्यमियों का एक साझा मंच है। प्रधानमंत्री द्वारा ब्रांड की शुरुआत किए जाने के बाद से इसके उत्पादों की मांग में जबरदस्त उछाल आया है। पिछले दो वर्षों में कुल बिक्री 3.7 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। वर्तमान में यह ब्रांड ऑफलाइन स्टोर के साथ-साथ जियो मार्ट, अमेजन, ब्लिंकिट और बिग बास्केट जैसे प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है। इसके अलावा ब्रांड की अपनी वेबसाइट के माध्यम से भी दुनिया भर से ऑर्डर लिए जा रहे हैं। इस ब्रांड के तहत वर्तमान में 50 विशिष्ट उत्पादों को शामिल किया गया है। इनमें मिलेट्स बिस्किट, मुनस्यारी, चकराता व हर्षिल की प्रसिद्ध राजमा, चौलाई, तोर दाल, उत्तराखंड का पारंपरिक लाल चावल, झंगोरा, गहथ,




काले भट्ट, चाय, औषधीय तेल, व्यक्तिगत देखभाल (पर्सनल केयर) और हस्तशिल्प के उत्पाद प्रमुख हैं। उत्पादों की शुद्धता बनाए रखने के लिए तीन स्तरों पर गुणवत्ता जांच की जा रही है। सरकार स्थानीय मेलों और त्योहारों के अवसर पर इन उत्पादों की खरीद को प्रोत्साहित कर रही है। पिछले दिवाली सीजन में हाउस ऑफ हिमालयाज के विशेष गिफ्ट पैक्स को जनता ने काफी सराहा, जिससे बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई। हाउस ऑफ हिमालयाज केवल एक व्यापारिक ब्रांड नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा जरिया बन गया है। इस श्रृंखला से राज्य की 3,300 से अधिक ग्रामीण महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं, जबकि क्रय नेटवर्क के माध्यम से 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। वर्तमान में प्रमुख शहरों में 26 आउटलेट्स के माध्यम से बिक्री की जा रही है, जिसमें जौलीग्रांट एयरपोर्ट का एक्सक्लूसिव स्टोर विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा प्रतिष्ठित होटलों, यात्रा केंद्रों और चारधाम मार्ग पर भी 10 फ्लोर स्टैंडिंग यूनिट्स स्थापित की गई हैं। विस्तार की योजना के तहत कंपनी अब रिलायंस फ्रेशपिक, फ्लिपकार्ट और जेप्टो के साथ अनुबंध करने की दिशा में बढ़ रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उत्तराखंड के इन उत्पादों को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए अमेजन ग्लोबल और वॉलमार्ट के साथ साझेदारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल टू ग्लोबल' विजन के अनुरूप हाउस ऑफ हिमालयाज का उद्देश्य उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुदृढ़ बनाना है। इससे न केवल हिमालयी उत्पादों को प्रीमियम बाजार मिलेगा, बल्कि राज्य के किसानों और महिला समूहों की आर्थिकी भी और अधिक समृद्ध होगी।

# विधायक ने सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कंबल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के वार्ड संख्या 8 शिवनगर स्थित एक निजी स्कूल के प्रांगण में सैकड़ों बुजुर्गों और महिलाओं को कंबल वितरित किए। ठंड के प्रकोप को देखते हुए विधायक द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत लगातार निर्धन और जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। इससे पूर्व भी विधायक द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा के मंत्र को आत्मसात करते हुए वे निरंतर जनता की सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि वे जिस भी क्षेत्र में जा रहे हैं, वहां बुजुर्गों और महिलाओं का अपार स्नेह और आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है। जनता



का यही विश्वास और प्रेम उनकी असली ताकत है, जिसके माध्यम से वे क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी अभावग्रस्त लोगों की सहायता का यह क्रम जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान वार्ड संख्या 8 के पार्षद शिवकुमार गंगवार, दीपक दिवाकर, धीरेश गुप्ता, मदन दिवाकर, मुकेश रस्तोगी, राजेंद्र राठौर, पिंकू रस्तोगी, बब्लू रस्तोगी, जयवीर रस्तोगी, शिखर राय, ममता देवी, रंजीत सिंह, सतपाल सैनी, खेमानन्द, भगवान दास, दीपू रस्तोगी, अमनपाल, दौलत राम राजपूत, प्रेम मौर्य, अशोक रस्तोगी, सूरज पाल आदि मौजूद रहे।

# हिंदी ओलंपियाड में गदरपुर के नवनीत ने जीता स्वर्ण

गदरपुर (उद संवाददाता)। एस. एस. पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र नवनीत सिंह बिधूड़ी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में नवनीत ने स्वर्ण पदक हासिल करने के साथ ही विशिष्ट स्थान प्राप्त कर 'बाल श्रेष्ठ सम्मान' अपने नाम किया।दिल्ली के तीन मूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान समारोह में मगन सिंह के पुत्र नवनीत सिंह बिधूड़ी को इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। नवनीत की इस सफलता के साथ ही विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीतकर



अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के अध्यक्ष डी. पी. सिंह ने इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए सभी विजेता छात्रों को बधाई दी और उनके लिए विशेष छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। उन्होंने छात्र को भविष्य में भी इसी तरह अंतरराष्ट्रीय फलक पर सफलता पाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और हिंदी शिक्षिका काजल अरोरा के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने काजल अरोरा को बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने और हिंदी के प्रति जागरूककरने के प्रयासों की सराहना की।

# जनसंवाद में विधायक बेहड़ ने सुनी जन समस्याएं

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को क्षेत्रवासियों की जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।जनसंवाद के दौरान ग्राम अंजनिया निवासी सतपाल ने अपने घर में हुई आगजनी की घटना से अवगत कराते हुए बताया कि अग्निकांड में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।



इसी प्रकार ग्राम सुतईया निवासी सीमा ने भी अपने घर में आग लगने से हुए नुकसान की जानकारी देते हुए मदद की गुहार लगाई। विधायक तिलक राज बेहड़ ने इन दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित पटवारी को निर्देश दिए कि तत्काल नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाए और पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 20 सिरौली कला निवासी रामनिवास ने क्षेत्र में लगभग 15 मीटर सड़क निर्माण की मांग रखी। वहीं वार्ड संख्या 16 निवासी पूनम फुटेला ने सड़क निर्माण के दौरान आ रही बाधाओं से विधायक को अवगत कराया। इन प्रकरणों पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं और समयबद्ध कार्रवाई करें।

# पूर्व सभासद रमेश सागर के पिता का निधन,शोक की लहर

गूलरभोज (उद संवाददाता)। पूर्व सभासद रमेश सागर के पिता लीलाधर सागर का सोमवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और उनका उपचार देहरादून के जॉली ग्रांट अस्पताल में चल रहा था। लीलाधर सागर के निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लीलाधर सागर का अंतिम संस्कार सोमवार शाम को ही मुक्तिधाम कोपा में राजकीय सम्मान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि उनके पुत्रों सुनील सागर, महेश सागर, सुरेश सागर, रमेश सागर और मुकेश सागर ने संयुक्त रूप से दी। इस दुखद घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाने के लिए बड़ी संख्या में राजनैतिक और सामाजिक संगठनों के लोग श्मशान घाट पहुंचे। शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडे, तरुण दुबे, सतीश चुग, डॉ कुलदीप रघुवंशी, सुमित्रा भुल्लर, श्रीनाथ विश्वास, प्रेमानंद महाजन, हरिश छाबड़ा, संजीव गुप्ता, सुरेश गिरीश दुबे, इंदर सिंह राठौड़ और विजेंद्र यादव मुख्य रूप से शामिल रहे। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें एक सरल एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व का धनी बताया।

# किच्छा बाईपास पर नये वेंडिंग जोन की कवायद शुरू

## महापौर ने योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासनिक अमले के साथ किया व्यापक निरीक्षण

रुद्रपुर। शहर को एक आदर्श मॉडल सिटी के रूप में स्थापित करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए महापौर विकास शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ तूफानी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की, बल्कि भविष्य की उन बड़ी योजनाओं की रूपरेखा भी तैयार की, जिनका लोकार्पण और शिलान्यास आगामी 14 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ एडीएम पंकज उपाध्याय, मुख्य नगर आयुक्त शिप्रा जोशी सहित लोक निर्माण, विद्युत, शिक्षा और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण कार्यों के जायजे से हुई। यहाँ महापौर के संज्ञान में आया कि बस टर्मिनल के पुराने कार्यालयों की शिफ्टिंग न होने के कारण विद्युत पोल नहीं हटाए जा सके हैं, जिससे हाईवे निर्माण की गति





धीमी पड़ गई है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए महापौर ने मौके पर ही परिवहन निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। उन्होंने परिवहन निगम को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालय को तत्काल शिफ्ट करें ताकि जनहित में बन रहे हाईवे का कार्य बाधित न हो। अधिकारियों ने जल्द ही इसे पूरा करने का आश्वासन दिया। रुद्रपुर की व्यवस्थित बसावट के लिए महापौर ने किच्छा बाईपास पर जेसीज स्कूल के समीप वेंडिंग जोन के लिए प्रस्तावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि रोडवेज परिसर के बाहर निर्माणाधीन बस टर्मिनल की जद में आने के कारण हटाई जा रही दुकानों को यहाँ सम्मानजनक और सुरक्षित स्थान दिया जाएगा। यहाँ 6 गुणा 8 के आकार की 30 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इस वेंडिंग जोन में शौचालय, पेयजल और स्वच्छता की हाईटेक सुविधाएं होंगी, जिससे यह ग्राहकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। यह नगर निगम का तीसरा सफल वेंडिंग जोन होगा। सब्जी मंडी के समीप हाईवे चौड़ीकरण की जद में आ रहे पुराने शौचालय को लेकर भी महापौर ने ठोस योजना बनाई यहां पर निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्देश दिए कि पुराने ढांचे को ध्वस्त कर शिक्षा विभाग की भूमि पर नया दो मंजिला हाईटेक शौचालय बनाया जाए, जिसके लिए विभागीय अनापत्ति प्राप्त कर ली गई है। इसके साथ ही शिवनगर में अतिक्रमण मुक्त कराई गई बेशकीमती भूमि का उपयोग भी जनहित में करने का निर्णय लिया गया। महापौर ने घोषणा की कि इस भूमि पर बच्चों के लिए भव्य पार्क और बुजुर्गों के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में रुद्रपुर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। 14 फरवरी को होने वाले भव्य कार्यक्रम में त्रिशूल चौक का लोकार्पण किया जाएगा, जो शहर की पहचान बनेगा। साथ ही, दशकों से बंद पड़ी नैनीताल हाईवे से आदर्श कॉलोनी घास मंडी जाने वाली सड़क को पुनः खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसका शिलान्यास स्वयं मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अलावा गौशाला का लोकार्पण एवं कई अन्य विकास कार्य सीएम धामी जनता को समर्पित करेंगे। उन्होनें कहा कि काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण के लिए भी चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है,जिसका लाभ जल्द जनता को मिलेगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विकसित भारत का संकल्प

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जिस तरह की वैश्विक चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, नए समीकरण तैयार हो रहे हैं, उसमें सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा बजट पेश करना एक चुनौती भरा काम है, जो संतुलित हो और जिसमें लोकलुभावन प्रस्तावों से बचने की कोशिश की जाए। सरकार का मानना है कि देश अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए दृढ़ संकल्पित है और 2026-27 का आम बजट भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया। किसी भी बजट की उपादेयता इससे साबित होती है कि वह देश की आर्थिक मजबूती में कितना सहायक साबित हुआ और उसका आम जनता के जीवन पर क्या असर पड़ा। इस लिहाज से देखें तो रविवार को पेश बजट को व्यापार और पूंजी के क्षेत्र में बढ़ती जरूरतों के साथ-साथ भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ तालमेल बिठाते हुए अधिक निर्यात और स्थिर दीर्घकालिक निवेश को आकर्षित करने वाला कहा जा सकता है। इस बजट को गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के संदर्भ में उम्मीद जगाने वाले प्रयास के तौर पर देखा जा सकता है, मगर कोई लोकलुभावन घोषणाओं से बचते हुए यथार्थवादी दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। युवा वर्ग के सशक्तीकरण के मकसद से शिक्षा क्षेत्र में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इसके तहत पचास नए आइआइटी और मेडिकल कालेज खोले जाने की बात कही गई है। साथ ही कौशल के विकास के उद्देश्य से 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम को जमीन पर उतारने के लिए दो लाख करोड़ रुपए और प्रशिक्षु योजना से पांच करोड़ युवाओं को छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जाएगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों यानी एमएसएमई के क्षेत्र में मदद के साथ ही रोजगार केंद्रित विकास को प्रमुखता दी जाएगी। दरअसल, देश में आज भी विकास के सारे सवाल बढ़ती बेरोजगारी के सामने चुनौती की तरह लगने लगते हैं। इसके मद्देनजर बजट में बेरोजगारी दर को आठ फीसद से नीचे लाने का संकल्प जाहिर किया गया है। मगर सारे निवेश और कार्यक्रम की कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि शहरों-महानगरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी रोजगार के कितने अवसर सृजित हुए और उसमें हिस्सेदारी करने के लिए कौशल की कसौटी पर कितनी प्रशिक्षित युवा आबादी तैयार हुई। इसी तरह, लक्ष्मी वंदना योजना को विस्तार दिया गया है और स्वरोजगार ऋण के नियम शिथिल किए गए, ताकि महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस नतीजे हासिल किए जा सकें। मगर यह देखने की बात होगी कि इससे जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता की स्थितियों को सशक्त बनाने में कितनी मदद मिलेगी। पांच 'विश्वविद्यालय शहर' के निर्माण, डिजिटल नालेज ग्रिड की स्थापना और देश के प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास खोलना युवा सशक्तीकरण की राह को मजबूती दे सकती है। अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से विनिर्माण, पर्यटन, दुर्लभ खनिजों के खनन और नई बुनियादी ढांचा परियोजना को बढ़ावा देने का प्रस्ताव किया गया है। बदलते दौर में तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में मजबूती के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र की स्थापना डिजिटल इंडिया के सपने को पूरा करने में मददगार होगी, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि गरीब और अमीर आबादी के बीच डिजिटल विभाजन को पाटा जा सके, क्योंकि आने वाले वर्षों में अगर देश को दुनिया में एक अग्रणी अर्थव्यवस्था बनना है, तो उसमें समावेशी विकास के सिद्धांत को वास्तव में जमीन पर उतारना होगा।

# देहरादून में 27 फरवरी से शुरू होगा वसंतोत्सव

देहरादून (उद संवाददाता)। लोक भवन देहरादून में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला प्रसिद्ध 'वसंतोत्सव' इस वर्ष 27 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने निर्देश दिए कि वसंतोत्सव को पूर्ण उमंग और उत्साह के साथ एक उत्सव के रूप में मनाया जाए और इसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इसे अन्य राज्यों से भी जोड़ने के प्रयास किए जाएं और वहां के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि वसंतोत्सव के दौरान आईएचएम, जीएमवीएन और राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से पारंपरिक मोटे अनाज (मिलेट) की थीम पर आधारित फूड कोर्ट स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से विशेष रूप से शहद उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जाएगा। राज्यपाल ने इस अवसर पर एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष से पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों, महिलाओं और युवा स्टार्टअप को 'राज्यपाल विशेष पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड में फ्लोरीकल्चर (पुष्प उत्पादन) को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने पुष्प-प्रदर्शनी को व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि राज्य के फूलों की मार्केटिंग देशभर में की जा सके। राज्यपाल के अनुसार उत्तराखंड को शहद, अरोमा और मिलेट जैसे उत्पादों का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है, इसलिए इस वर्ष इन क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा। बैठक में बताया गया कि पुष्प-प्रदर्शनी में 15 विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें कुल 165 पुरस्कार दिए जाएंगे। उत्सव में आईटीबीपी, आईएमए, पीएसी और होमगार्ड के पाइप बैंड आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इस वर्ष पहली बार एनआईएम उत्तरकाशी द्वारा लाइव डेमो का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा एनआईवीएच और निरामया योग ग्राम द्वारा योग प्रदर्शन के साथ-साथ जूडो और मार्शल आर्ट के कार्यक्रम भी होंगे। बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें अनाथालयों, दिव्यांग बच्चों और रैग पिकर्स बच्चों को भी विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। प्रदर्शनी में कट फ्लावर, पॉटेड प्लांट अरेंजमेंट, बोनसाई गार्डनिंग, सोयल लैस हाइड्रोपोनिक खेती और टेरेरियम जैसी विविध प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैठक में महानिदेशक होमगार्ड डॉ. पी. वी. के. प्रसाद, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधिक सलाहकार कौशल किशोर शुक्ल, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण एस. एन. पाण्डेय, सचिव वित्त डॉ. वी. षणमुगम, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, निदेशक उद्यान एस.एल. सेमवाल, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने किया श्रमिक प्रशिक्षण पोर्टल का शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (यूकेबीओसीडब्ल्यू), श्रम विभाग द्वारा विकसित श्रमिक प्रशिक्षण प्रबंधन प्रणाली (टीएमएस) पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। यह पोर्टल पंजीकृत श्रमिकों और उनके आश्रितों के कौशल विकास को पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में विकसित इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य श्रमिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूरी तरह ऑनलाइन और भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल प्रशिक्षण देना ही काफी नहीं है, बल्कि श्रमिकों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं पर भी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर दिया कि राज्य के उद्यमियों से उनकी जरूरतों के संबंध में नियमित फीडबैक लिया जाए, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके।मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए प्लम्बर, कारपेंटर और इलेक्ट्रीशियन जैसे व्यवसायों में प्रशिक्षण पर विशेष बल देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय श्रमिकों के माध्यम से होगी, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि क्षेत्रीय जनसांख्यिकीय संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के बाद फॉरवर्ड लिंकेज यानी बाजार और रोजगार से जुड़ाव को मजबूत करने पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) योजनाओं की सराहना करते हुए कल्याणकारी बोर्ड को अपनी आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने को कहा। श्रम विभाग के सचिव डॉ. श्रीधर बाबू अद्दंकी ने बताया कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप विभाग की सभी योजनाओं को अधिक परिणामोन्मुखी बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान श्रमायुक्त पी.सी. दुमका ने पोर्टल की कार्यप्रणाली का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि श्रमिक प्रशिक्षण पोर्टल (टीएमएस) के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदाताओं, मूल्यांकनकर्ताओं और प्रशिक्षकों का चयन भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध संस्थाओं और प्रमाणित व्यक्तियों से पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपस्थिति और मूल्यांकन भी डिजिटल माध्यम से दर्ज होंगे। इस नई व्यवस्था से प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पूर्ण पारदर्शिता आएगी और किसी भी तरह की डुप्लीकेसी पर प्रभावी रोक लगेगी। साथ ही प्रशिक्षित श्रमिकों का एक केंद्रीय डेटाबेस तैयार होगा, जिससे उनकी जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु सहित श्रम विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# जन-जन की सरकार अभियान से लाखों लोगों को मिल रहा लाभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जनसुनवाई का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। इस अभियान के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। दिनांक 02 फरवरी 2026 तक प्रदेश के सभी 13 जनपदों में इस अभियान के अंतर्गत कुल 548 जनसेवा शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से आमजन की भागीदारी और विश्वास में निरंतर वृद्धि देखने को मिल रही है।इस जनोन्मुखी पहल के अंतर्गत अब तक कुल 4,33,581 नागरिकों का पंजीकरण किया गया है, जिनमें से सोमवार को ही 5,398 लोगों ने शिविरों में अपना पंजीकरण कराया। यह आंकड़ा प्रदेश की जनता के सरकार पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। जनता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष बल देते हुए अब तक कुल 42,594 शिकायतों का सफल निस्तारण किया जा चुका है। वहीं 28,721 शिकायतें वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं, जिन पर संबंधित विभागों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# मातृ एवं किशोर स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स संजीवनी

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-महिला कृषि (एआईसीआरपी-डब्लू आईए) के तत्वावधान में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'मातृ एवं किशोर जनसंख्या में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में सुधार हेतु मिलेट्स' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने श्रीअन्न की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम का उद्घाटन सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. अल्का गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर इकाई समन्वयक एआईसीआरपी-डब्लू आइए डा. मनीषा गहलोत तथा प्रधान अन्वेषक श्रीअन्न प्रोग्राम डा. सीमा क्वात्रा भी उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने मिलेट्स की पोषणीय महत्ता और कुपोषण की गंभीर समस्या से निपटने में इनकी प्रभावी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के प्रथम दिन आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें मिलेट्स के पोषण लाभों, विशेष रूप से मातृ पोषण में इनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मिलेट आधारित केक बनाने की विधि का प्रयोगात्मक प्रदर्शन भी किया गया।प्रशिक्षण के दूसरे दिन किशोरियों को लक्षित किया गया, जिसमें शरीर की वृद्धि, एनीमिया (रक्त अल्पता) की रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य में मिलेट्स के महत्व पर विशेष व्याख्यान दिया गया। किशोरियों को स्वस्थ रागी चॉकलेट बनाने की विधि सिखाई गई। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए मिलेट्स पर आधारित चित्रात्मक वीडियो और प्रेरणादायक कहानियां भी दिखाई गईं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन डा. संग्या सिंह और यंग प्रोफेशनल भाब्या ने किया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, जिससे पोषण जागरूकता और मिलेट्स आधारित खाद्य पदार्थों के प्रचार-प्रसार को नई दिशा मिली है।



## कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

e-mail:nagarnigamrudrapur@gmail.com visit: www.nagarnigamrudrapur.com

दूरभाष-05944-242400

### ई-निविदा सूचना

नगर निगम रूद्रपुर में सिविल निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा 15 वॉ वित्त/राज्य वित्त की अनुदान एवं अन्य मद की धनराशि के अन्तर्गत Construction of Boundary Wall and Gate at Nagar Nigam Rudrapur की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट www.uktender.gov.in एवं नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www. nagarnigamrudrapur .com पर दिनांक 03-02-2026 से अवलोकित की जा सकती हैं तथा उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट www.uktender.gov. in से डाउनलोड व भरी हुई निविदा अपलोड की जा सकती है। अधिक जानकारी नगर निगम निर्माण अनुभाग के कक्ष संख्या 23 से निर्धारित तिथियों में किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **( शिप्रा जोशी पाण्डेय )** | **( विकास शर्मा )** |
| नगर आयुक्त | महापौर |
| नगर निगम,रूद्रपुर | नगर निगम,रूद्रपुर |
| ऊधम सिंह नगर | ऊधम सिंह नगर |

पत्रांक-2868/सा0नि0 अनु0/ई-नि0/सू0/ 2025-26 दिनांक-02.02.2026

# वीआईपी की जांच के लिए सीबीआई टीम पहुंची उत्तराखंड

## धामी सरकार की संस्तुति के बाद अंकिता हत्याकांड मामले में अज्ञात वीआईपी के खिलाफ दिल्ली में मुकदमा दर्ज

देहरादून। अंकिता हत्याकांड में प्रदेश की धामी सरकार की संस्तुति के बाद सीबीआई की स्पेशल क्राइम ब्रांच की शाखा दो ने अज्ञात वीआईपी के खिलाफ दिल्ली में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को टीम जांच के लिए उत्तराखंड पहुंच गई। दरअसल ये पूरा मामला पूर्व विधायक की कथित पत्नी उर्मिला सनावर के सोशल मीडिया पर जारी वीडियो के बाद ही शुरू हुआ। भाजपा से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर की कथित पत्नी ने फेसबुक लाइव आकर खुलासा किया था। इस वीडियो में महिला ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी गट्टू का जिक्र किया। साथ ही एक ऑडियो का भी जिक्र किया जिसमें कहा कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पास पूरी जानकारी है। इसके बाद से ही इस मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मामले के फिर से चर्चा में आते ही कांग्रेस समेत कई संगठनों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। जिसके बाद से सीबीआई जांच की मांग की जा रही है। इसे लेकर नौ जनवरी को सीएम धामी ने इस






मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति कर दी थी। उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भले ही मुख्य आरोपी पुलकित आर्या समेत तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा मिल गई हो, लेकिन मामला अभी भी सुर्खियों में बना हुआ है। वजह है वो वीआईपी जो हत्याकांड की रात रिजॉर्ट में गया था। मामले को तीन साल हो गए, लेकिन वीआईपी के नाम का राज आज भी बरकरार है। 18 सिंतबर, 2022 को वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या कर उसका शव चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया था। घटना के एक सप्ताह बाद चीला नहर से शव बरामद हुआ था। एसआईटी की जांच के बाद वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक व दो अन्य कर्मियों के खिलाफ करीब 500 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में97 गवाह बनाए गए थे। जिसमेंसे अभियोजन पक्ष ने विवेचक समेत 47 गवाह परीक्षित कराए। मुख्य आरोपी पुलकित आर्य पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य छुपाना), 354 (ए) (छेड़खानी व लज्जा भंग) और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप तय हुए। दूसरे आरोपी सौरभ भास्कर और तीसरे आरोपी अंकित गुप्ता पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य छुपाना) और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोपों पर विचारण किया गया। इसके बाद उन्हें उम्रकैद की सजा हुई थी।

### अंकिता भंडारी ने अपने मित्र पुष्पदीप को रिजॉर्ट में वीआईपी के आने की जानकारी

देहरादून। घटना के दिन अंकिता भंडारी ने अपने मित्र पुष्पदीप को रिजॉर्ट में वीआईपी के आने की जानकारी दी थी। उसने पुष्पदीप को बताया था कि पुलकित आर्य उसपर एक बड़े वीआईपी को अतिरिक्त सेवा देने के लिए दबाव डाल रहा है। अंकिता के माबाईल की वटसैप चैटिंग भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिसमें उसने अपने मित्र से रिजार्ट में सुरक्षित नहीं होने की जिक्र भी किया था। लेकिन वीआईपी कौन था यह राज आज भी बरकरार है। अंकिता भंडारी के माता पिता ने सरकार से हत्याकांड की सीबीआई से उच्च स्तरीय जांच की मांग की लेकिन अदालत में उनकी याचिका खारिज हो गई। एसआईटी का मानना है कि जब रिजार्ट में आने वाले लोगों और उस दिन मौजूद गेस्ट की जांच की गई तो कोई ठोस सबूत हासिल नहीं हुए। हांलाकि असली वीआईपी कौन हो सकता है इसे यक्ष प्रश्न का खुलासा अब सीबीआई की जांच में होने की उम्मीद है। माना जा रहा हे कि वीआईपी की जांनकारी हासिल करने के लिए सीबीआई हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी पुलकित आर्य से एंबार फिर पूछताछ करेगी। जबकि उर्मिला सनावर द्वारा वायरल किये गये सुरेश राठौर के ऑडियो की गंभीरता से जांच करने से कथित नेताओं की लोकेशन भी उजागर हो सकती है।

## फर्जी किन्नरों का भंडाफोड़, बधाई के नाम पर अवैध वसूली करने वालों को खदेड़ा

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में किन्नर बनकर राहगीरों और स्थानीय लोगों से अवैध रूप से पैसे मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। असली किन्नर समाज के सदस्यों ने कोसी बैराज के पास घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ा, जो खुद को किन्नर बताकर लोगों से जबरन वसूली कर रहे थे।रामनगर किन्नर समाज की गुरु रेशमा ने बताया कि पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ बाहरी लोग खुद को किन्नर बताकर रोडवेज बस स्टेशन, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को परेशान कर रहे हैं।



सोमवार को कोसी बैराज स्थित पार्क में दो लोग संदिग्ध अवस्था में पकड़े गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पकड़े गए लोग उत्तर प्रदेश के भदोही (बहजोई) जिले के रहने वाले हैं। इनमें से एक महिला और एक पुरुष था, जो वेश बदलकर नकली किन्नर बने हुए थे।गुरु रेशमा ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि ये नकली लोग बधाई के नाम पर अवैध वसूली कर रहे थे, जिससे असली किन्नर समाज की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों की वजह से समाज में भ्रम और डर की स्थिति बन रही थी। किन्नर समाज के सदस्यों ने दोनों को पकड़कर सख्त हिदायत दी और उन्हें तत्काल रामनगर से वापस भेज दिया।किन्नर समाज ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि ऐसे ढोंगी लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई किन्नर समाज के नाम पर जनता को ठग न सके। साथ ही उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया कि यदि कोई संदिग्ध इस तरह की वसूली करता दिखे, तो तुरंत पुलिस या स्थानीय किन्नर समाज को सूचित करें।

## गदरपुर मीडिया क्लब के पदाधिकारियों का स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने गदरपुर मीडिया क्लब के नवनिर्मित एवं नवीनीकृत गठन पर खुशी जताते हुए क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने क्लब की नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए पत्रकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजेंद्र पाल सिंह ने अपने प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल, महामंत्री किशन गुप्ता और कोषाध्यक्ष राकेश अरोड़ा सहित सभी उपस्थित सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण कर खुशी साझा की गई। राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि मीडिया समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारों की सक्रियता और निष्पक्षता अत्यंत आवश्यक है। मीडिया क्लब के गठन और नवीनीकरण को लेकर सभी उपस्थित लोगों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शादाब, राजेश बाबा, शैलेंद्र शर्मा, गुरविंदर प्रधान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।




## पेज एक का शेष...

**तेज रफ्तार बाइक ने ...**संध्या मंडल पत्नी राकेश मंडल वहां कार्य कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए संध्या को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संध्या सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गई और उसके पैरों में गंभीर फ्रैक्चर हो गया।हादसे के बाद मौके पर काम कर रहे अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। मजदूरों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दुर्घटना करने वाली मोटरसाइकिल और उसके चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। घायल महिला को राष्ट्रीय राजमार्ग की एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा लाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

**मेरे खिलाफ रची...**ऐसी नहीं है कि वह तीस लाख रूपये की धनराशि नगद घर में रख सके। उसे अपने किये गये व्यवहार पर पछतावा है। श्री शुक्ला ने कहा कि उनकी राजनैतिक छवि को खराब करने के लिए पिछले काफी समय से समय समय प्रयास किया जाता रहा है। परंतु हमेशा सच्चाई की ही जीत होती रही है।

**युवती की हत्या के ...**खुड़बुड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। एसएसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल पुलिस हत्या के इस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

**दबंगों का तांडव...** शिकायत दी गई थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। परिजनों का कहना है कि पुलिस की इसी लापरवाही के कारण हमलावरों ने दोबारा विक्की को घेरकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**सड़क जाम करने पर ...**था। मौके पर पूर्व से सिपाही तरुण चौधरी मौजूद थे। सत्येंद्र कुमार और उनके साथियों के द्वारा सार्वजनिक सड़क पूर्णता अवरुद्ध कर दी गई। जिससे लगभग 10 मिनट तक यातायात बाधित रहा और आम जनमानस को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ा जानकारी करने पर पता चला कि सत्येंद्र कुमार और उनके साथियों ने इस प्रकार के प्रदर्शन के लिए किसी भी सक्षम अधिकारी से अनुमति नहीं ली है। सत्येंद्र कुमार के इस कृत्य से सार्वजनिक शांति भंग होने की स्थिति उत्पन्न हो गई। उप निरीक्षक ललित चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार और उनके 15 साथियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले की जांच चल रही है। इधर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर उन्होंने सांकेतिक प्रदर्शन किया था। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। आगे भी वे जनहित के मुद्दे उठाते रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ने किया फिल्म 'जलमभूमि' के पोस्टर का विमोचन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में फिल्म जलमभूमि के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फिल्म के निर्माता-निर्देशक के राम नेगी एवं पूरी फिल्म टीम को शुभकामनाएं और बधाई दी। यह फिल्म आगामी 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जलमभूमि जैसी फिल्में समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती हैं और सिनेमा के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को मजबूती मिलती है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड अपने प्राकृतिक सौंदर्य, विविध भौगोलिक परिस्थितियों, सांस्कृतिक विरासत और शांत वातावरण के कारण फिल्म निर्माण के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है। राज्य सरकार फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य



कर रही है। उत्तराखंड में फिल्म नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत फिल्म निर्माताओं को एकल खिड़की प्रणाली (सिंगल विंडो सिस्टम) के माध्यम से त्वरित अनुमति प्रदान की जा रही है। शूटिंग की अनुमति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है, जिससे फिल्म निर्माताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा फिल्म शूटिंग पर अनुदान, स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और युवाओं को रोजगार के अवसर तथा स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के माध्यम से राज्य को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म मानचित्र पर स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म नीति का उद्देश्य केवल फिल्मों की शूटिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिल रही है। उत्तराखंड में वेब सीरीज, प्रलेख (डॉक्यूमेंट्री), लघु फिल्म और फीचर फिल्मों के निर्माण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने फिल्म की सफलता की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी सिनेमा और रचनात्मक उद्योगों को हरसंभव सहयोग देती रहेगी। कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश लाल भी उपस्थित रहे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ऊधम सिंह नगर के कराटे खिलाड़ियों ने जीते 23 पदक

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 11 कांस्य जीतकर जिले को किया गौरवान्वित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी राज्य कराटे प्रतियोगिता में जिला ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर के मार्शल आर्ट्स योद्धाओं ने कुल 23 पदक अपने नाम किए, जिनमें 8 स्वर्ण, 4 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। खेल विभाग ऊधम सिंह नगर के कराटे कोच और जिला सचिव लक्ष्मण सिंह ने खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेताओं में अंडर 14 आयुवर्ग के 40 किलोग्राम भार वर्ग में हेम पुनेठा, प्लस 40 किलोग्राम में अरनव चंद, अंडर 14 बालिका वर्ग के 40 किलोग्राम




में सृष्टि राणा ने स्वर्ण जीता। वहीं अंडर 19 आयु वर्ग में 55 किलोग्राम में यश राणा, 61 किलोग्राम में अनुज गंगवार, 68 किलोग्राम में पार्थ बिष्ट, प्लस 76 किलोग्राम में युवराज बोरा और बालिका वर्ग के 44 किलोग्राम में खुशी ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का प्रतिनिधित्व किया। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अंडर 19 आयु वर्ग के 50 किलोग्राम में पीयूष पुनेठा, अंडर 14 बालिका वर्ग के 11 वर्ष काता में मनस्विता वर्मा, अंडर 19 बालिका वर्ग के 53 किलोग्राम में अंशिका धामी और प्लस 59 किलोग्राम में रितिका जोशी शामिल रहीं।कांस्य पदक की श्रेणी में अंडर 14 बालक वर्ग के 45 किलोग्राम में प्रद्युम्न, प्लस 45 किलोग्राम में आदित्य यादव, 11 वर्ष काता में वंश उप्रेती, 12 वर्ष काता में कल्पित थ्वाल और 13 वर्ष काता में मयंक मेहर ने बाजी मारी। इसी प्रकार अंडर 19 आयु वर्ग के माइनस 76 किलोग्राम में अमान रजा, अंडर 14 बालिका वर्ग के प्लस 40 किलोग्राम में लक्षिता तिवारी, प्लस 45 किलोग्राम में आकांक्षा मुरारी, 12 वर्ष काता में हिमानी खोलिया, 50 किलोग्राम में अमिशी बंसल, 13 वर्ष काता में साक्षी भंडारी और अंडर 19 आयु वर्ग काता में शीतल अधिकारी ने कांस्य पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, घनिष्ठ मिश्रा, राजा, सिमरनजीत कौर, नैन्सी, निखिल कोहली और कोच लक्ष्मण सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# लाखों की ठगी का 3 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी और लाखों की ठगी करने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। मामले के अनुसार, रामनगर के मोहल्ला खताड़ी निवासी हैदर अली ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहल्ले के ही अयूब अंसारी और उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा निवासी अतिकुर रहमान ने उसे विदेश भेजने का झांसा दिया था। आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए उससे 1,33,000 की ठगी कर ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने



मामले के एक आरोपी अयूब अंसारी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी अतिकुर रहमान पिछले तीन साल से लगातार फरार चल रहा था। मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक तारा सिंह राणा ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई बार दबिश दी, लेकिन शातिर आरोपी हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। इस बीच कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी कर दिया था। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए अतिकुर रहमान को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# अवैध चरस ले जाते दो युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग करने के दौरान 463 ग्राम चरस के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसएसपी डॉ0 मंजुनाथ टी.सी. द्वारा जनपद को नशामुक्त बनाने हेतु सभी प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की बिक्री/ तस्करी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गौला बाईपास रोड आंवला चौकी के पास चेकिंग के दौरान स्कूटी संख्या यूके 04 ए एस 1675 पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता भूपेश चन्द्र पुत्र गिरीश चंद्र निवासी ग्राम लाथी थाना कपकोट बागेश्वर व दिनेश चंद्र पुत्र ख्याली दत्त पाठक निवासी उपरोक्त बताया। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से कुल 463 ग्राम



नाजायज चरस बरामद हुई। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद बाईक को सीज कर बरामद चरस कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगवीर सिंह, कांस्टेबल लक्ष्मण राम, सुनील कुमार व मो. यासीन शामिल थे।




# सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट ने आयोजित किया रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। यातायात निदेशालय के निर्देशों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के आदेशानुसार यातायात पुलिस भवाली व भीमताल द्वारा सोमवार को रामलीला मैदान में 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस शिविर की मुख्य थीम 'सड़क सुरक्षा –जीवन रक्षा' रही, जिसमें निशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण और रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. जगदीश चंद्रा, प्रभारी निरीक्षक भीमताल राजेश कुमार और यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह ने टैक्सी व बस चालकों सहित आम जनता को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस



दौरान टैक्सी यूनियन भीमताल के पदाधिकारियों ने चालकों की समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में हल्द्वानी सिटी ब्लड सेंटर द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। वहीं, आईक्यू हॉस्पिटल हल्द्वानी के सौजन्य से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 76 लोगों के नेत्रों का परीक्षण किया गया। शिविर में करीब 250 चालक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इसी अभियान के तहत ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में भी छात्र–छात्राओं और शिक्षकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 150 लोग शामिल हुए। इस पूरे आयोजन में सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ट्रस्ट के संस्थापक रामवीर यादव और अलका अरोड़ा के सामाजिक योगदान की अधिकारियों व स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की। इस दौरान यातायात पुलिस और ट्रस्ट के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# चोरी के जेवरात सहित तीन किशोर पकड़े

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात व नगदी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना मिलने पर तीन किशोरों को पंचवटी कालोनी के खाली प्लॉट से चोरी के जेवरात सहित हिरासत में ले लिया। जानकारी देते हुए कोतवाली निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि 31जनवरी को सन्नी जौहरी पुत्र स्व. उमेश जौहरी निवासी वार्ड संख्या 1 आनन्द विहार, फुलसुंगा ट्राजिट कैम्प द्वारा लिखित सूचना दी कि 22 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य उनका परिवार घर आनन्द विहार, फुलसुंगा से बाहर था। इसी बीच अज्ञात चोर के द्वारा उसके घर मे घुस कर सामान चोरी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के आधार कार्यवाही करते हुए 03 बाल अपचारी किशोरो को मुखबीर की सूचना पर सन्नी जौहरी के घर मे हुई चोरी के माल के साथ स्थान पंचवटी कालौनी के खाली प्लॉट से पुलिस संरक्षण मे लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक हार, तीन मंगलसूत्र, दो झुमके, एक पैडल, एक सिक्का, तीन जोड़ी पायल और छः खंडूए बरामद हुए। पुलिस ने बाल अपचारी के विरुद्द किशोर न्याय अधिनीयम के अन्तर्गत कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विकास रावत, उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक नेहा ध्यानी, अपर उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश बवाडी, हेड कांस्टेब अनिल कुमार शामिल थे।